CS (Main) Exam:2015 भूगोल (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल आठ प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तरों को समुचित चित्रों/मानचित्रों और आरेखों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# GEOGRAPHY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित सभी के उत्तर दीजिए। *(b), (c), (d), (e)* के लिए शब्द-सीमा कोष्ठक में इंगित है :

Answer all the following. The word limit for *(b), (c), (d), (e)* has been indicated in the parenthesis : 10×5=50

*(a)* आपको दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों का महत्त्व लिखिए, प्रत्येक प्रवृष्टि के लिए अधिक-से-अधिक *30* शब्दों में, भले ही वह भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक हो :

On the outline map of India provided to you, mark the locations of all the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×5=10

*(i)* तरंगमबाडी
Tharangambadi

*(ii)* नामचा बरवा
Namcha Barwa

*(iii)* नारकोडम
Narcodam

*(iv)* खज्जियर
Khajjiar

*(v)* चुंचनकट
Chunchanakatte

ABHYAS
IAS ACADEMY

*(b)* क्या कारण है कि फार्मास्यूटिकल उद्योग अधिकांशतः देश के पश्चिमी प्रदेश में केन्द्रित है? (लगभग *150* शब्दों में)

Why does the pharmaceutical industry concentrate largely in the western region of the country? (In about *150* words) 10

*(c)* भारत में शीतकालीन वर्षा के प्रतिरूप की व्याख्या कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Explain the pattern of winter rainfall in India. (In about *150* words) 10

*(d)* जल-विभाजक उपागम एवं ग्राम-स्तरीय नियोजन के मध्य सम्बन्ध की विवेचना कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Discuss the relationship of watershed approach to village level planning. (In about *150* words) 10

*(e)* प्राकृतिक वनस्पति किस प्रकार स्वस्थाने मृदाओं के निर्माण को प्रभावित करती है? (लगभग *150* शब्दों में)

How does natural vegetation affect the formation of in situ soils? (In about *150* words) 10

**2.** *(a)* भारत के भूजल संसाधनों के भौगोलिक वितरण का कारण प्रस्तुत करते हुए विवरण दीजिए। हाल के दशकों में इनका कम होना कितना गंभीर रहा है?

Account for the geographical distribution of groundwater resources of India. How serious is its depletion in recent decades? 20

*(b)* भारत में पारंपरिक दस्तकारी (क्राफ्ट) उद्योग क्यों ह्रासोन्मुख है?

Why is the traditional crafts industry in India on the decline? 15

*(c)* भारत में कृषि का आधुनिकीकरण किस प्रकार प्रतिकूल संस्थागत कारकों से प्रभावित हो रहा है, उपयुक्त उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Explain how modernization of Indian agriculture is affected by unfavourable institutional factors with suitable examples. 15

**3.** *(a)* 'कृषि उत्पादकता' एवं 'कृषि दक्षता' में अंतर स्पष्ट कीजिए, तथा कृषि दक्षता के प्रादेशिक वितरण में असमता पर प्रकाश डालिए।

Distinguish between 'agricultural productivity' and 'agricultural efficiency', and bring out the disparity in regional distribution of agricultural efficiency. 20

*(b)* मानचित्र की सहायता से देश के प्रमुख वर्षाधीन कृषि-क्षेत्रों को इंगित कीजिए तथा मुख्यतः इन्हीं क्षेत्रों में कृषकों द्वारा आत्महत्या के कारण बताइए।

With the help of a map, indicate the principal areas of dryland farming in the country and account for farmers' suicides mainly in those areas. 15

*(c)* अर्थव्यवस्था और समाज के विकास में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के योगदान का मूल्यांकन कीजिए, तथा हाल ही में प्रारंभ किए गए 'डिजिटल इन्डिया' कार्यक्रम की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए।

Evaluate the contribution of Communication and Information Technology to the development of economy and society, and examine the relevance of the recently launched 'Digital India' programme. 15

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**4.** *(a)* भारत में बाढ़ों की बढ़ती हुई बारंबारता (फ्रिक्वेंसी) एवं तीव्रता का कारण बताइए, और चिरकालिक बाढ़-प्रवण क्षेत्रों की ओर इशारा करते हुए अल्प एवं दीर्घ अवधि के उपचारात्मक उपाय सुझाइए।

Account for the growing frequency and intensity of floods in India, and suggest short- and long-term remedial measures indicating the chronically flood-prone areas. 20

*(b)* जलवायु परिवर्तन भारत की मरुस्थलीकरण प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावित करता है?

How does climate change affect the process of desertification of India? 15

*(c)* भारत में 'श्वेत क्रांति' की पुनरावृत्ति की गुंजाइश की विवेचना कीजिए।

Discuss the scope of replication of 'White Revolution' in India. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित सभी के उत्तर दीजिए। *(b)*, *(c)*, *(d)*, *(e)* के लिए शब्द-सीमा कोष्ठक में इंगित है :

Answer all the following. The word limit for *(b)*, *(c)*, *(d)*, *(e)* has been indicated in the parenthesis : 10×5=50

*(a)* आपको दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों का महत्त्व लिखिए, प्रत्येक प्रवृष्टि के लिए अधिक-से-अधिक *30* शब्दों में, भले ही वह भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक हो :

On the outline map of India provided to you, mark the locations of all the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×5=10

*(i)* नोक्रेक
Nokrek

*(ii)* गोरखनाथ चोटी
Gorakhnath Peak

*(iii)* इन्द्रकिलाद्री चोटी
Indrakiladri Peak

*(iv)* पोलावरम
Polavaram

*(v)* अनाइमुडी
Anaimudi

*(b)* "आयु-लिंग पिरामिड किसी प्रदेश के इतिहास को प्रदर्शित करता है।" स्पष्ट कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

"Age-sex pyramid is representative of the history of a region." Explain. (In about *150* words) 10

*(c)* "एकल-प्रकार्यात्मक शहर आर्थिक दृष्टि से असुरक्षित होते हैं।" विवेचना कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

"Mono-functional towns are economically vulnerable." Discuss. (In about *150* words) 10

*(d)* स्पष्ट कीजिए कि भूमि उपयोग में परिवर्तन किस प्रकार देश में विभिन्न स्तरों पर पारिस्थितिक विकास को प्रोन्नत कर सकता है। (लगभग *150* शब्दों में)

Explain how change in land use can promote eco-development at different levels in the country. (In about *150* words) 10

*(e)* बढ़ती हुई दीर्घ-आयुता के सामाजिक एवं स्थानिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Discuss the social and spatial ramifications of increasing longevity. (In about *150* words) 10

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

6. *(a)* हाल की अवधि में पंचायत व्यवस्था के सशक्तीकरण के माध्यम से विकेन्द्रित नियोजन भारत के नियोजन का केन्द्र-बिन्दु रहा है। समन्वित प्रादेशिक विकास नियोजन की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

Decentralized planning through the strengthening of the Panchayat system is the focus of planning in India in recent times. Suggest a blueprint for an integrated regional development plan. 20

*(b)* जनसंख्या नियोजन में सरकार का बल 'जनसंख्या के नियोजन' पर रहा है, 'जनसंख्या के लिए नियोजन' पर नहीं। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

In population planning, the thrust of the Government has been 'planning the population' not 'plan for the population'. Elaborate. 15

*(c)* क्या देश के पिछड़े क्षेत्रों के लिए नियोजन करते समय ग्रामों के समूह (क्लस्टर) हेतु नियोजन एक व्यवहार्य विकल्प हो सकता है? समुचित उदाहरणों के साथ विवेचना कीजिए।

Is planning for a cluster of villages a viable option, when planning for backward areas of the country? Discuss with suitable examples. 15

7. *(a)* भारत के राष्ट्रीय नियोजन में प्रादेशिक विषमताओं में कमी लाना प्राथमिकता लक्ष्यों में से एक रहा है। प्रस्तावित नये स्मार्ट नगरीय केन्द्र इस प्रक्रम में किस प्रकार योगदान कर सकते हैं?

Reduction in regional disparities has been one of the priority goals of national planning in India. How the proposed new Smart urban centres may contribute to the process? 20

*(b)* भारत की 'पूरब देखो' नीति ने पिछले दो दशकों में किस प्रकार मूर्त रूप लिया है तथा यह नीति भारत के विदेशी व्यापार को किस प्रकार प्रभावित कर सकती है?

How has India's 'Look East' policy taken shape in the past two decades and how it may affect India's external trade? 15

*(c)* भारत के द्वीपीय राज्यक्षेत्र समुद्र स्तर के उत्थान से असुरक्षित हैं। स्पष्ट कीजिए।

Indian island territories are vulnerable to the sea level rise. Explain. 15

8. *(a)* भारत में कार्यान्वित किए जा रहे बहु-स्तरीय नियोजन की संकल्पना की विवेचना कीजिए, तथा इस संबंध में 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों के निहितार्थों की व्याख्या कीजिए।

Discuss the concept of multi-level planning as practised in India, and explain the implications of 73rd and 74th Constitutional Amendments in this respect. 20

*(b)* कृष्णा नदी से संबंधित नदी जल-विवाद का तर्कसंगत विवरण दीजिए।

Give a reasoned account of river water disputes related to the River Krishna. 15

*(c)* भारत सरकार की पश्चिमी घाटों के संरक्षण की रणनीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

Outline the Government of India's strategies of conservation of the Western Ghats. 15

★ ★ ★

ABHYAS IAS ACADEMY